तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अभिषेक दहिया** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 3536717798737
05/02/25	अपीलार्थी अभिषेक दहिया निवासी ग्राम पोस्ट सोयला, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 20.11.2024 को सोयला में सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 62(पुराना–65)के चौड़ाई के लिए भूमि अधिग्रहण की गई, खसरा संख्या 405 नाम मधुराम दर्जी पुत्र रामचंद्र दर्जी की जमीन अधिग्रहण की गई है, अवाप्त रकबा 0.0025 है, जिसका मुवावजा 370327.91 रूपये है, जिसकी अवार्ड सख्या 58/4 है, 2018 से मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। इसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक राजकाज रेफ. 13089834 दिनांक 20.01.2025 से बतलाया कि प्रार्थी से संबंधित सूचना हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर (भूमि रूपान्तरण) जोधपुर पत्र लिखा गया परन्तु चाही गई सूचना अभी तक अपेक्षित है जिसके फलस्वरूप प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) के स्तर पर लंबित न होकर अतिरिक्त जिला कलक्टर (भूमि रूपान्तरण) जोधपुर के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर (भूमि रूपान्तरण) जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.02.05 12:14:08 IST
Reason: Approved